**2.14 NO.of Co-Curricular And Sports Activities Organized**

चक दे | ऊना में नॉर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोचक मुकाबले

# हिमाचल की 189 रन से दमदार जीत

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो– ऊना**



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में नॉर्थ जोन अंतरविश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन तीन मुकाबले खेले गए। शुक्रवार को पहला मैच भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा और इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाड़ी के बीच जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला के मैदान पर खेला गया। आगरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 108 रन बना सकी। 108 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेवाड़ी की टीम निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट खोकर 93 रन ही बना सकी। 15 रन की जीत के साथ आगरा की टीम अगले दौर में पहुंच गई। दूसरा मुकाबला पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के बीच खेला गया। मेरठ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 92 रन पर ऑलआउट हो गई। 92 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला की टीम ने 13.5 ओवरों में एक विकेट खोकर 94 रन बनाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। प्रतियोगिता का तीसरा मैच हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला और रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के बीच संतोषगढ़ पीसीपी क्रिकेट मैदान में खेला गया। हिमाचल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 216 रन बनाए। 216 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरेली की टीम 11.4 ओवर में 27 रन पर ही ढेर हो गई। हिमाचल ने 189 रन के बड़े अंतर से जीत प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश कर लिया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम के शानदार जीत पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सतीश कुमार बंसल, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय टीम के कोच विक्रांत भारद्वाज और अन्य प्राध्यापकों ने टीम सदस्यों को बधाई दी।

# राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में अंतर महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता शुरू






(सतविन्द्र)

हॉकी में दमखम दिखाती टीमें और टीमों के साथ मुख्यातिथि सतपाल रायजादा।

सवेरा न्यूज/राजीव भनोट

ऊना, 6 नवंबर : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में अन्तर महाविद्यालय हॉकी (पुरुष व महिला वर्ग) प्रतियोगिता इंदिरा गांधी स्टेडियम में सोमवार से शुरू की गई है। प्रतियोगिता का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग संघ के अध्यक्ष एवं ऊना सदर के पूर्व विधायक, सतपाल सिंह रायजादा द्वारा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सतीश कुमार बंसल ने किया। इस मौके पर मुख्यातिथि रायजादा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे आएं। आप खुब पढ़ें, खुब खेलें, आगे बढ़े और देश व प्रदेश का नाम रोशन करें। आप ही देश के भविष्य हैं। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. बंसल ने कहा कि हॉकी हमारे देश का अपना खेल है। इसमें खिलाड़ियों को आगे आने की जरुरत है। उन्होंने भाग लेने वाले खिलाड़ियों से आग्रह किया कि आप सभी खेल भावना के साथ खेल को खेले। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. राज कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में कुल 12 टीमें तथा महिला वर्ग में कुल 10 टीमें भाग ले रही है। पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की टीम एवं राजकीय महाविद्यालय सुन्नी टीम के बीच खेला गया। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की टीम ने 7-0 से राजकीय महाविद्यालय सुन्नी पर अपनी जीत दर्ज करने मे कामयाब रही। आज का दूसरा मैच राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक (ऊना) की टीम एवं राजकीय महाविद्यालय चंबा टीम के बीच खेला गया। राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक की टीम ने राजकीय महाविद्यालय चंबा पर 5-0 से अपनी जीत दर्ज करने में कामयाब रही। महिला वर्ग हॉकी प्रतियोगिता का प्रारंभिक मैच राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा (हमीरपुर) की टीम एवं राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर टीम के बीच समाचार लिखे जाने तक खेला जा रहा है। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की टीम और राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा की टीम 0-0 पर खेल रही है।



The Principal, Staff, CSCA and Students of
**Government College Una**
take pleasure in inviting you to the
**H. P. University Inter-College**
**Volleyball (Men) Championship (2023-24)**
**Sh. Sudarshan Singh Bablu**
(M. L. A.) Chintpurni Constituency
Will be the
**Chief Guest**
AND
**Sh. Satpal Singh Raizada**
(President, State Rafting Association, H.P.)
the
**Special Guest**
ON
the Opening Ceremony
on Tuesday-21st November, 2023 at 10:30 AM

**Sh. Satpal Singh Raizada**
(President, State Rafting Association, H.P.)
**Chief Guest**
ON
the Closing Ceremony

on Friday-24th November, 2023
at 01:00 PM

**Organizing Secretary**
Dr. Raj Kumar
70185-67049

**Principal**
Dr. Satish Kumar Bansal
01975-226035




Govt. College, Una HP.
No.GCU/Sports/-

Dated: - 16-11-2023

**Office Order**

Following Committees are hereby constituted for the conduct of HPU Inter College Men volley Ball championship to be held in this college w.e.f 21/11/2023 to 24/11/2023.All the members of the committees are required to make necessary arrangements well in time and note for compliance.

| Organizing Committee/ | JURY of Appeal |
|---|---|
| 1.Prof.Sumiksha- championship Coordinator | 1.Principal |
| 2.Prof.Puneet Prem- overall Incharge of accommodation | 2.Org. Sectary |
| 3.Prof.Suresh Kumar- over all in charge of discipline | 3.University Offical |
| 4.Prof.Sanjay Verma- over all in charge of refreshment | 4.Smt.Suman G1 |
| 5.Prof.Balwinder Rana- Overall incharge of protocols | |
| **Accommodation official** | |
| 1. Prof.Puneet Prem | |
| 2. Prof.Rajinder Kumar | **Reception Committee** |
| 3.Sh.Rashpal | All staff members |
| 4.Sh.Ashok Kapil | |
| 5.Sh.Love Jaswal | |
| **Press & Photography** | **Accommodation Boys-Committee shall allot appropriate rooms to teams, distribute beddings with charges & collect security** |
| 1. Prof.Anita Saini | 1.Prof. Sanjay Sharma |
| 2. Prof.Amarjeet Singh Maan | 2.Prof.K.K Pandey |
| 3.Prof.Shreyshi | 3. Prof.Rakesh Kumar |
| **Shamiana ,Bedding & Seating** | 4. Prof.Sham Singh |
| 1. Prof.Rajinder kumar | 5.Prof.Jagmohan |
| 2.Prof. Sanjay Sharma | 6. Prof.Sunil Dutt |
| 3. Prof.Rakesh Kumar | 7.Prof.Vipul |
| 4. Prof.Gagandeep | 8. Prof.Parveen Saini |
| 5. Prof.Jag Mohan | 9.Prof.Varun Dhiman |
| 6. Prof.Yash Paul | 10. Sh.Manav Thakur |
| 7.Sh.Ramesh Kumar Class-IV | 11.Sh.Munish Kumar ,Sh.Kapil Dev,Sh. Ajay Kumar |
| 8.Sh.Ajay Kumar and Sh.Munish Kumar | |
| | |

| | |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| **Water Arrangements-Committee will take care arrangement of water in the ground and periodic distribution of water to officials.** | **Invitation Committee-Printing of cards and distribution +Arrangement of Bouqet & Badges etc** |
| | 1. Prof.Meeta Sharma |
| 1.Prof.Yash Pal | 2. Prof.Varun dhiman |
| 2. Prof.Varun Dhiman | 3. Prof.Amarjeet Singh Mann |
| 3.Sh.Ashok Kapil | 4. Prof.Shreyshi |
| 4.Mrs.Gurpreet BCA | 5. Mrs Ritu Puri BCA |
| 5. Miss.Pooja Thakur BCA | 6. Sh.Yog Raj(Peon) |
| 6. Mrs.Anjali Kaundle BCA | |
| 7. Smt.Saroj Kumari (Peon, PTA) | |
| 8. Smt Sarita Devi (Peon, Self Finance) | |
| **Relieving Committee ,Need to add Registration** | |
| 1. Prof.Bhagwan Dass | |
| 2. Prof.Pawitra Dulari | |
| 3.Prof.Jagmohan | **Prize Committee-will take care of arrangement of prizes and coordinate with org Secretary for distribution** |
| 4. Prof.Manjeeet Singh | 1.Sumit Kumar |
| 5.Sh.Vikas BCA | 2. DR.Monika Khanna |
| 6.Sh.Vijay BBA | 3. Prof.Sunil Dutt |
| 7.Ms Gurpreet pgdca | 4. Prof.Ranju Banota |
| **Announcers** | 5.Mrs.Rajni MCA |
| 1. Prof.Meeta Sharma | 6.Miss.Aarushi MBA |
| 2. Prof.Rajinder Kumar | 7.Sh.Vijay Jaswal (BBA) |
| 3.Mrs.Monika Raizada BBA | 8.Sh.Kapil Dev (Security Guard) |
| **Certificate writing** | **Ground Committee- committee will take of Volley Ball court in Indira Ground** |
| 1.Dr. Ajay Ram Dev | 1.Dr.Raj Kumar |
| 2.Prof.Anita Saini | 2.Mr. ~~Sen Hocky Coach~~ |
| 3.Mrs.Nisha(MBA) | 3.Mr. Diwan Chand |
| 4.Prof Richa (BBA) | 4. Sh.Ramesh Kumar(Class-IV) |
| **Officiating fee collection** | |
| 1.Sh.Diwan Chand | **Record Keeping** |
| 2.Sh. Tarun thakur | 1.Sh.Diwan Chand |
| 3.Sh.Dinesh Kumar | 2.Sh. Trun thakur |
| 4.Sh.Ramesh Kumar(Class-IV) | 3.Sh.Dinesh Kumar |
| | 4.Sh.Ramesh Kumar(Class-IV) |

| | |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| **Announcers** | **First Aid** |
| 1.Prof.Meeta Sharma | 1.Prof.Anita Saini |
| 2.Prof Rajinder Kumar | 2.Prof.Vipul Kumar Gautam |
| 3.Prof.Monika Raizada(BBA) | 3. Prof.Anita saini |
| | 4. Prof. Vivek |
| | 5. Mrs. Kiran Dhiman(BBA) |
| | |
| | |


**Principal**
**Govt. College, Una HP.**

# अंतर महाविद्यालय वॉलीबाल स्पर्धा में सरकाघाट विजेता

संवाद न्यूज एजेंसी

ऊना। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में अंतर महाविद्यालय पुरुष वर्ग की वॉलीबाल प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुई। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नूरपुर और सरकाघाट महाविद्यालय के बीच खेला गया। इसमें सरकाघाट ने 3-1 से विजय प्राप्त की।

प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 50 महाविद्यालयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने विधिवत रूप से ड्रेस कोड में उनका स्वागत किया। सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि खेल हमारे तन-मन को स्वस्थ रखने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। खेल भावना का सम्मान करते हुए सभी खिलाड़ी अनुशासन में खेलें। खिलाड़ी नशे से दूर रहकर जीवन में आगे बढ़ें। यह प्रतियोगिता 24 नवंबर तक चलेगी।



ऊना कॉलेज में वॉलीबाल प्रतियोगिता के दौरान दमखम दिखाते खिलाड़ी। -संवाद

# ऊना महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता संपन्न

## एन.सी.सी. कैडेट्स, रोवर्स-रेंजर्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने मार्चपास्ट कर मुख्यातिथि को दी सलामी

ऊना, 16 फरवरी (सुरेन्द्र): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में 52वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि नगर परिषद ऊना के सदस्य सरदार अमरजोत सिंह बेदी उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सतीश कुमार बंसल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए। मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय जीवन किसी भी छात्र की जिंदगी का सुनहरा पल होता है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही इंदिरा स्टेडियम में रात्रि खेल के लिए प्रकाश स्तंभ की सुविधा खिलाड़ियों को मिलने जा रही है। जल्द ही राज्य का पहला स्पोर्ट्स स्कूल ऊना में खोला जाएगा, जिसमें 17 विभिन्न प्रकार की खेलों के खिलाड़ी तैयार होंगे।

महाविद्यालय की खिलाड़ी निकिता शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलवाई। एन.सी.सी. कैडेट्स, रोवर्स-रेंजर्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने मार्चपास्ट कर मुख्यातिथि को सलामी दी।

इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय खड्ड के प्राचार्य डा. राजेन्द्र शर्मा, पूर्व प्राचार्य डा. आर.आर. रोही, वरिष्ठ प्रोफैसर डा. रविराज, राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा शिमला के वरिष्ठ प्रोफैसर डा. राज कुमार व जिला खेल अधिकारी ऊना चन्द्र मोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या में गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस मौके पर शैक्षिक वर्ग के महिला प्राध्यापकों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला प्राध्यापकों ने भाग लिया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफैसर डा. विनोद कुमार धांगड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### पुरुषों की लंबी कूद प्रतियोगिता में विशाल प्रथम

राजकीय महाविद्यालय के मीडिया समन्वयक डा. के.के. पांडेय ने बताया कि लंबी कूद (पुरुष वर्ग) में विशाल ने सबसे लंबी छलांग लगाकर प्रथम स्थान, विशाल सिंह दूसरे तथा तीसरे स्थान पर पुनीत रहे। इस लंबी कूद प्रतियोगिता में कुल 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। डिस्कस थ्रो (पुरुष वर्ग) में अनिल कुमार प्रथम स्थान पर, हर्षदीप दूसरे तथा जतिन तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर रेस (पुरुष वर्ग) में सूरज प्रथम स्थान, कार्तिक दूसरे तथा पीयूष जाकटा तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर रेस (पुरुष वर्ग) में पीयूष जाकटा प्रथम स्थान, अभिषेक दूसरे स्थान तथा कर्तव्य तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर रेस (पुरुष वर्ग) में अभिषेक कटैल प्रथम, विकास चौहान दूसरे तथा अनमोल ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे। 800 मीटर (पुरुष वर्ग) रेस में हितेश प्रथम स्थान, हरप्रीत कुमार दूसरे तथा अंकित शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। 1,500 मीटर रेस (पुरुष वर्ग), हरप्रीत कुमार प्रथम स्थान, चेतन कुमार दूसरे स्थान तथा लवप्रीत सिंह तीसरे स्थान पर रहे। शाटपुट (पुरुष वर्ग) में अनिल प्रथम, दुष्यंत द्वितीय तथा अक्षय कुमार तीसरे स्थान पर रहे। जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में जतिन प्रथम स्थान, विशाल दूसरे स्थान तथा अनिल तीसरे स्थान पर रहे। ऊंची कूद (पुरुष वर्ग) में दिशांत ने सबसे ऊंची कूद लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीयूष द्वितीय तथा कार्तिक तीसरे स्थान पर रहे।




ऊना : गवर्नमैंट कालेज ऊना में आयोजित वार्षिक एथलैटिक प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते नप ऊना के पार्षद अमरजोत सिंह बेदी।

(विनोद)

पंजाब केसरी 17/02/2023








# राजकीय महाविद्यालय ऊना का विश्व विद्यालय संगीतोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन



महाविद्यालय ऊना का संगीत ग्रुप कालेज में अध्यापकों के साथ । (सतविन्द्र)

सवेरा न्यूज/लक्की ऊना, : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना के संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर शिमला में आयोजित अन्तर महाविद्यालय युवा समारोह ग्रुप–2 की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने महाविद्यालय के लिए समूहगान इंडियन में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। समारोह में पूरे प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों की 56 टीमों ने भाग लिया था। महाविद्यालय टीम का नेतृत्व तथा इस प्रतियोगिता की तैयारी महाविद्यालय संगीत विभाग के डॉ. संजय वर्मा (गायन) तथा डॉ. मोनिका ठाकुर (वादन) के कुशल नेतृत्व में किया था। संगीत विभाग के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ सतीश कुमार बंसल ने संगीत विभाग के प्रोफेसरों तथा सभी प्रतिभागियों को माला पहनाकर बधाई देते हुए सभी का जोरदार तरीके से स्वागत किया तथा आगामी वर्षों में और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।